>

Title: Need to provide adequate quantity of Bitumen for construction of roads in Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मेरे संसदीय क्षेत्रांतर्गत शिवहर, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चम्पारण जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं पथ निर्माण विभाग, बिहार की सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है। इन जिलों में सड़कों का अभाव है एवं आजादी के 65 साल के बाद बुनियादी सेवा इन जिलों के नागरिकों को प्राप्त नहीं हो पाई है। इनमें से कुछ ऐसे भी गांव हैं, जहां आजादी के बाद पहली बार सड़क का निर्माण हो रहा है। किंतु यह देखा जा रहा है कि बिटुमन के अभाव में सड़कों के निर्माण में काफी देरी हो रही है एवं निर्माण कार्य समुचित ढंग से नहीं हो पा रहा है। जिससे संवेदक के साथ-साथ आम लोगों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बरौनी स्थित एकमात्र इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के माध्यम से ही समूचे उत्तर बिहार को बिटुमन की आपूर्ति की जाती है। जैसा कि जानकारी मिली है कि प्रत्येक माह में मात्र एक रैक बिटुमन ही आई.ओ.सी., बरौनी को दी जाती है जबकि इसकी आवश्यकता 4-5 रैक प्रतिमाह की पड़ती है। आई.ओ.सी., बरौनी को पर्याप्त बिटुमन नहीं मिलने के कारण संवेदकगण को आदेश पत्रक के बावजूद समय पर बिटुमन नहीं मिल पाता है एवं बिटुमन की आपूर्ति के लिए संवेदक आदेश पत्र लेकर एक सप्ताह तक बरौनी में पड़े रहते हैं। विदित हो कि मानसून के कारण भी कालीकरण का कार्य बाधित एवं लंबित हो चुका है। ऐसी स्थिति में मांग के अनुरूप बिटुमन की आपूर्ति जनहित में अति आवश्यक है।

अतः सरकार से अनुरोध है कि आई.ओ.सी., बरौनी को प्रत्येक माह कम से कम 4-5 रैक बिटुमन की आपूर्ति कराई जाए जिससे कि रूके हुए सड़कों के निर्माण में तेजी आने के साथ-साथ लोगों को बुनियादी सुविधाएं प्राप्त हो सके।